सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 228 | इंदौर, मंगलवार 03 मार्च, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## अमेरिका ने पाकिस्तान में वीजा अपॉइंटमेंट बंद किया

- कराची में दूतावास पर हमले के बाद फैसला; ईरान में अब तक 742 लोगों की मौत

**तेल अवीव/तेहरान**। इजराइल-अमेरिका और ईरान के बीच जंग का आज चौथा दिन है। इस बीच पाकिस्तान में अमेरिकी दूतावास ने सुरक्षा कारणों से सभी वीजा अपॉइंटमेंट रद्द कर दिए हैं। पाकिस्तान में मौजूद अमेरिकी एबेंसी ने कहा है कि यह फैसला इस्लामाबाद के साथ-साथ लाहौर और कराची के दफ्तरों पर भी लागू होगा। यह आदेश 6 मार्च तक लागू रहेगा। रविवार को कराची में अमेरिकी कांसुलेट के बाहर प्रदर्शन हुआ था। इस दौरान सुरक्षाकर्मियों की फायरिंग में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई। यह प्रदर्शन उस खबर के बाद हुआ, जिसमें कहा गया था कि ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई की अमेरिका और इजराइल के हमलों में मौत हो गई है।



कलेक्टर श्री शिवम वर्मा की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न

# मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार इंदौर में सुरक्षित, स्वस्थ और पर्यावरण अनुकूल होली के लिए इंदौर में अभिनव पहल

- होलिका दहन आयोजकों एवं शहर के प्रमुख मंडलों के प्रतिनिधियों ने सुरक्षित, स्वस्थ और पर्यावरण अनुकूल होली मनाने का लिया संकल्प



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार इंदौर जिले में इस वर्ष होली पर्व को सुरक्षित, पर्यावरण अनुकूल और स्वास्थ्यवर्धक तरीके से मनाने के उद्देश्य से व्यापक पहल की जा रही है। इसी क्रम में कलेक्टर श्री शिवम वर्मा की अध्यक्षता में आज होलिका दहन आयोजकों एवं शहर के प्रमुख मंडलों के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी प्रमुख मंडलों को आमंत्रित किया गया था, जहां सभी ने सामूहिक रूप से संकल्प लिया कि इस बार होली सुरक्षित और स्वस्थ तरीके से मनाई जाएगी। इस अवसर पर एडीएम श्री रोशन राय सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।**

बैठक के दौरान कलेक्टर श्री वर्मा ने आयोजकों को प्राकृतिक रंगों से तैयार हर्बल गुलाल से तिलक लगाकर स्वस्थ और सुरक्षित होली का संदेश दिया तथा होलिका दहन के लिए गोबर (गो-कास्ट) से निर्मित सामग्री वितरित की गई। उन्होंने अपील की कि लकड़ी के स्थान पर गोबर से बने उपलों का उपयोग किया जाए और रंग खेलने के लिए हर्बल रंगों को अपनाया जाए।

कलेक्टर श्री वर्मा ने बताया कि जिले में गो-कास्ट उत्पादों की उपलब्धता के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। ढक्कन वाला कुआं स्थित ग्रामीण हाट बाजार केंद्र पर इन उपलों का निरंतर विक्रय किया जा रहा है। यहां से प्राकृतिक सामग्री से निर्मित गुलाल, रंग और अन्य गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री भी उपलब्ध कराई जा रही है। साथ ही कलेक्ट्रेट परिसर में भी इस तरह का विक्रय केंद्र स्थापित किया गया है। विभिन्न गौशालाओं से इस कार्य के लिए आवश्यक सामग्री नियमित रूप से उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे नागरिक आसानी से इनका उपयोग कर सकें। इन केन्द्रों को नागरिकों का बेहतर प्रतिसाद मिल रहा है। इस अभियान में शासन के विभिन्न विभाग सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। नगर निगम की टीमें लगातार आरडब्ल्यूएस, सोसाइटी और कॉलोनियों से संपर्क कर रही हैं, जबकि जिला पंचायत ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता और वितरण की व्यवस्था सुनिश्चित कर रही है। यह पूरी पहल मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशों के अनुरूप जिले में संचालित की जा रही है।

कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने कहा कि होली हमारा अत्यंत पवित्र और पावन पर्व है। सभी नागरिक पूरे उत्साह, उमंग और सद्भाव के साथ इस त्योहार को मनाएं। उन्होंने सभी इंदौरवासियों को होली की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए कामना की कि यह रंगों का पर्व सभी के जीवन में खुशियां, समृद्धि और मंगल लेकर आये।

## मरीजों की सुगमता के लिए अष्टांग आयुर्वेद अस्पताल में शाम की ओपीडी शुरू



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। समय की उपलब्धता एवं मरीजों की सुगमता के लिए प्रमुख सचिव आयुष विभाग के निर्देश अनुसार शासकीय अष्टांग आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय लोकमान्य नगर द्वारा सायं कालीन ओपीडी की शुरुआत की गई है, जिसमें मरीज शाम के समय भी विशेषज्ञों को अपनी बीमारी बता सकते हैं, शुभारंभ के दौरान प्राचार्य डॉ अजीत पाल सिंह चौहान उपस्थित रहे। प्राचार्य ने बताया कि चिकित्सा सेवा हमारा मूल धर्म है एवं समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी भी है। डॉ जगदीश पंचोली अधीक्षक राउ अस्पताल ने बताया कि बढ़ते हुए आयुर्वेद के प्रचार प्रसार के कारण मरीजों की संख्या में भी वृद्धि हुई है यह अच्छा संकेत है, प्राचार्य ने बताया कि कई मरीज काम की व्यस्तता के कारण सुबह नहीं आ सकते, उनके लिए यह बहुत ही लाभदायक रहेगा और इसके लिए कोई अतिरिक्त शुल्क भी नहीं रखा है, मीडिया प्रभारी डॉ अखलेश भार्गव ने बताया कि मरीज के हित में यह बड़ा कदम है और इससे मरीजों की संख्या में भी वृद्धि होगी और मरीज को अधिक लाभ मिल सकेगा, इसमें मेडिसिन, सर्जरी, शिशु रोग, महिला रोग, पंचकर्म, आई डिपार्मेंट, ई एन टी डिपार्मेंट, नशा मुक्ति, कैंसर, आहार चिकित्सा आदि के ओपीडी विशेषज्ञ शाम को 6 से 8 बजे तक उपलब्ध रहेंगे।

## लवकुश चौराहे पर बन रहे लेवल-2 फ्लाईओवर ब्रिज का निर्माण आगामी जून माह तक होगा पूर्ण

### कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने किया निरीक्षण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर में यातायात व्यवस्था को अधिक सुगम बनाने तथा आगामी सिंहस्थ को ध्यान में रखते हुए लवकुश चौराहे पर निर्माणाधीन लेवल-2 फ्लाईओवर ब्रिज का निर्माण कार्य तेजी से किया जा रहा है। आज कलेक्टर श्री शिवम वर्मा तथा इंदौर विकास प्राधिकरण (आईडीए) के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. परीक्षित झाड़े ने निर्माण स्थल का निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति की समीक्षा की।**



निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री वर्मा ने निर्माण एजेंसी से अब तक की प्रगति की जानकारी ली तथा निर्देश दिए कि कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जाए। बताया गया कि लगभग 180 करोड़ रुपये की लागत से बन रहा यह लेवल-2 फ्लाईओवर ब्रिज आगामी जून माह तक तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है। यह फ्लाईओवर सिंहस्थ के दौरान शहर में बढ़ने वाले यातायात दबाव को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और आवागमन को सुगम बनाएगा।

कलेक्टर श्री वर्मा ने निर्माण कार्य के चलते सर्विस लेन की तत्काल मरम्मत और व्यवस्थित करने के लिये संबंधित एजेंसी को निर्देश दिये, ताकि आम नागरिकों को असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य के साथ-साथ वैकल्पिक यातायात व्यवस्था और सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखा जाए। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी तथा निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

युवती से चल रहा था प्रेम प्रसंग

## छात्र ने जहर खाकर दी जान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। भंवरकुआ थाना क्षेत्र में किराए के कमरे में रहने वाले एक छात्र ने जहर खाकर आत्महत्या की कोशिश की। तीन दिन इलाज के बाद रविवार को एमवाय अस्पताल में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार मयंक (22) पुत्र हरिहर द्विवेदी ने 26 फरवरी की रात मेडिकल स्टोर से ब्लड प्रेशर की दवा लाकर अपने कमरे में खा ली थी। अगले दिन दोस्तों ने उसकी हालत खराब होने पर उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। निजी अस्पताल में इलाज के दौरान हालत गंभीर होने पर रविवार को उसे एमवाय अस्पताल रेफर किया गया। यहां उपचार के दौरान शाम को उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। परिजनों ने बताया कि मयंक अपनी बहन के साथ इंदौर में रहता था। उसकी बहन गांव बरही, करेला (कटनी) गई हुई थी। मयंक एक दिन पहले ही गांव से इंदौर लौटा था। वह पिछले तीन साल से इंदौर में रहकर पढ़ाई कर रहा था। पुलिस को मयंक के पास से एक सुसाइड नोट मिला है। इसमें उसने गांव की एक युवती से दोस्ती और संबंध का जिक्र किया है। युवती द्वारा शादी से इनकार कर संबंध खत्म करने के बाद उसने यह कदम उठाने की बात लिखी है। मयंक के पिता किसान हैं। उसका बड़ा भाई मुंबई में काम करता है और परिवार की जिम्मेदारी संभाल रहा था। वह अपने छोटे भाई और बहन की पढ़ाई कराना चाहता था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 228 | इंदौर, मंगलवार 03 मार्च, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## शासकीय सेवकों को मिलेगा 3 प्रतिशत अतिरिक्त महंगाई भत्ता : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

● प्रदेश के शासकीय कर्मचारियों का डीए बढ़कर हुआ 58 प्रतिशत

### मुख्यमंत्री ने दिया होली का तोहफा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेशवासियों को उल्लास एवं रंगों के त्यौहार होली की बधाई और मंगलकामनाएं देते हुए कहा कि प्रदेश के शासकीय कर्मचारियों को होली के तोहफे के रूप में डीए में वृद्धि की सौगात दी जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने कर्मचारियों के महंगाई भत्ते (डीए) में 3 प्रतिशत की वृद्धि करने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही प्रदेश के शासकीय कर्मचारियों और पेंशनर्स का महंगाई भत्ता 55 प्रतिशत से बढ़कर अब 58 प्रतिशत हो जाएगा।**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य के कर्मचारियों को भारत सरकार के समान माह अप्रैल 2026 पेड इन मई 2026 के वेतन पर 58 प्रतिशत महंगाई भत्ते का लाभ दिया जाएगा। इसमें जुलाई 2025 से मार्च 2026 तक के एरियर की राशि मई 2026 से प्रारंभ कर 6 समान किश्तों में भुगतान करने का निर्णय सरकार द्वारा लिया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य के सभी पेंशनधारियों को भी जनवरी 2026 पेड इन फरवरी 2026 से 58 प्रतिशत महंगाई राहत का लाभ दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन में हमारी सरकार किसानों सहित सभी वर्गों के कल्याण के लिए काम कर रही है। किसान कल्याण वर्ष में सोमवार को ही पहली कृषि कैबिनेट बड़वानी जिले में हुई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि होली परस्पर आत्मीय प्रेम भाव बढ़ाने का त्यौहार है। हम सभी हर्ष और आनंद के साथ होली मनाएं और राज्य की बेहतरी के लिए मिल-जुलकर कार्य करें।

## Headline

1. रियाद में अमेरिकी दूतावास पर ड्रोन हमला, ट्रंप बोले- जल्द देंगे जवाब
2. पश्चिम एशिया में तनाव: खाड़ी देशों में फंसे भारतीयों के लिए राहत, दुबई-अबू धाबी और जेद्दा से उड़ानें फिर शुरू
3. Iran Crisis: 'ईरान में फंसे भारतीय छात्रों की वापसी के लिए नहीं चाहिए विशेष अनुमति', ईरानी कॉन्सुलेट जनरल

### होली की बधाई...कल अवकाश

होली पर्व पर सभी पाठकों को हार्दिक शुभकामनाएं। कल अवकाश रहेगा। अगला अंक 05 मार्च गुरुवार को प्रकाशित होगा।

- संपादक

### कृषि कैबिनेट में किसानों की हो गए बल्ले-बल्ले

# 27 हजार करोड़ की योजनाओं को मंजूरी, किसान हित में बड़े निर्णय

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बड़वानी, एजेंसी।** सीएम मोहन यादव ने बड़वानी में आयोजित कृषि कैबिनेट में कई बड़े फैसले किए हैं। जिले में पहली बार आयोजित इस कैबिनेट में किसानों के साथ ही कई वर्गों को राहत दी गई है। इस दौरान 6 विभागों की 16 योजनाओं को मंजूरी मिली है और अलग-अलग निर्णय लिए हैं। कुल मिलाकर मोहन सरकार 27 746 करोड़ सरकार वहन करेगी। मोहन यादव ने किसानो के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताई है।

### हर विभाग को दी गई मोहन सरकार की ओर से सौगात

मोहन यादव ने कहा कि कृषि कल्याण किसान विभाग में 3,500 करोड़ की राशि खर्च होगी, उद्यानिक एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग 4264 करोड़ की राशि खर्च होगी, पशुपालन और डेयरी विकास विभाग की 4 योजनाओं में 9508 करोड़ की राशि खर्च होगी तो वहीं मछुआ कल्याण की दो योजनाओं में 218.50 करोड़ राशि सरकार वहन करेगी। इसी तरह से सहकारिता विभाग की 4 अलग-अलग योजनाओं में भी 8186 करोड़ का खर्च किया जाएगा । तो जाहिर है कि सरकार ने किसानों के लिए काफी घोषणा की है और किसानों को किसी तरह की कमी नहीं रखेगी।




### 'किसान कल्याण' के लिए समर्पित वर्ष 2026-सीएम मोहन

सीएम मोहन यादव ने कहा कि 'किसान कल्याण' के लिए समर्पित वर्ष 2026 में किसानों की समृद्धि एवं उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य और नवाचार किए जा रहे हैं। इसी क्रम में अब प्रदेश में पहली 'कृषि कैबिनेट' में किसानों के लिए फैसले लिए गए है। बैठक में किसान हित समेत प्रदेश के विकास एवं जनकल्याण से जुड़े प्रमुख विषयों पर चर्चा के साथ सरकार आगे बढ़ी है।

# महाकाल मंदिर में होली की धूम, भस्म आरती में लगाया हर्बल गुलाल, रंग लाने पर रोक फिर भी उमड़ी आस्था

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी। उज्जैन स्थित श्री महाकालेश्वर मंदिर में आज होली का पर्व पारंपरिक उल्लास और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। सुबह भस्म आरती के दौरान भगवान महाकाल को हर्बल गुलाल अर्पित कर होली पर्व की शुरुआत की गई। बाबा महाकाल को शक्कर की माला चढ़ाई गई। हालांकि सुरक्षा कारणों से मंदिर समिति ने इस बार श्रद्धालुओं को गुलाल ले जाने की अनुमति नहीं दी लेकिन भक्तों की आस्था में कोई कमी नहीं आई और मंदिर में भक्तों का सैलाब देखने को मिला।**

### भगवान महाकाल को लगाया हर्बल गुलाल

हर साल की तरह इस बार भी महाकाल मंदिर में भक्तों ने भगवान के साथ होली खेलने की इच्छा जताई लेकिन पिछले साल हुए हादसे के बाद सुरक्षा कड़ी कर दी गई। भस्म आरती में भगवान महाकाल को विशेष रूप से हर्बल गुलाल अर्पित किया गया और श्रद्धालुओं को केवल दर्शन व आरती का लाभ लेने दिया गया।

श्री महाकालेश्वर मंदिर में इस बार गुलाल की सीमित मात्रा ही भगवान को अर्पित की गई। संध्या आरती से पहले भगवान श्री चंद्रमौलेश्वर, श्री कोटेश्वर, श्री रामेश्वर और श्री वीरभद्र को भी गुलाल अर्पण किया गया। इसके बाद परंपरा अनुसार भगवान महाकाल को शक्कर की माला, मखाने की माला धारण करवाकर गुलाल अर्पित किया गया। होलिका दहन की परंपरा के तहत, मंदिर के पुजारियों ने विश्व में सबसे पहले प्रज्वलित होने वाली होलिका का पूजन कर विधिवत दहन किया।



### महाकाल मंदिर में उमड़ा भक्तों का सैलाब

हालांकि मंदिर मे रंग गुलाल पर प्रतिबंध होने के चलते इस बार पिछले साल जैसी रंगत देखने को नहीं मिली, लेकिन भक्तों की आस्था में कोई कमी नहीं रही। भक्तों ने प्रहलाद की भक्ति और होलिका के अंत की कथा को याद करते हुए सत्य की विजय का संदेश लिया। बाबा महाकाल की आरती के साथ होली का रंग भक्तों के मन में बसा रहा। सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए श्रद्धालुओं को गुलाल ले जाने की अनुमति नहीं थी लेकिन मंदिर में भस्म आरती और गुलाल अर्पण की परंपरा निर्विघ्न पूरी की गई।

### 14 मिनट का ग्रहण जानिए क्या रहेगा पूजन का क्रम

मंगलवार को फाल्गुन शुक्ल पूर्णिमा का दिन है। शासकीय पुजारी पं. घनश्याम शर्मा ने बताया कि सुबह की उद्योदक और भोग आरती में भगवान को केवल शक्कर का भोग अर्पित किया जाएगा। ग्रहण समाप्त होने के बाद मंदिर में शुद्धिकरण, भगवान का स्नान पूजन के बाद भगवान को भोग अर्पित कर संध्या आरती संपन्न की जाएगी। ग्रहण 3 मार्च को शाम 6:32 से 6:46 तक यानी 14 मिनट तक रहने वाला है, जबकि ग्रहण का वेदकाल सुबह सूर्योदय से ही प्रारंभ हो जाएगा।

# साल की पहली लोक अदालत 14 मार्च को

## संपत्तिकर व जलकर के सरचार्ज में 100% तक की छूट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर के सभी 22 जोनल ऑफिसों, रजिस्टार ऑफिस और निगम मुख्यालय में 14 मार्च को नेशनल लोक अदालत आयोजित की जाएगी। महापौर पुष्यमित्र भार्गव, निगमायुक्त क्षितिज सिंघल एवं राजस्व प्रभारी निरंजनसिंह चौहान ने बताया कि नेशनल लोक अदालत में संपतिकर अधिभार (सरचार्ज) में निम्न शर्तों पर छूट दी जा रही है।**




### संपति कर के प्रकरण

संपति कर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि 50 हजार तक बकाया है पर अधिभार में 100% तक की छूट। संपति कर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि 50 हजार से ज्यादा और एक लाख तक बकाया होने पर अधिभार में 50% तक की छूट। संपति कर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि 1 लाख से ज्यादा बकाया होने पर अधिभार में 25% तक की छूट दी जाएगी।

### जलकर के प्रकरण

जलकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि 10 हजार तक बकाया होने पर 100% प्रतिशत तक की छूट। जलकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि 10 हजार से ज्यादा और 50 हजार तक बकाया होने पर अधिभार में 75% प्रतिशत की छूट। जलकर के ऐसे प्रकरण में जिनमें कर तथा अधिभार की राशि 50 हजार से ज्यादा बकाया होने पर अधिभार में 50% प्रतिशत की छूट।

महापौर और निगमायुक्त ने 14 मार्च को निगम मुख्यालय व जोनल कार्यालयों में आयोजित नेशनल लोक अदालत का लाभ लेने के लिए संपतिकरदाता व जलकरदाताओं से अपील की है कि वे इस नेशनल लोक अदालत में आकर संपतिकर व जलकर जमा कराएं और अधिभार में छूट का लाभ लेकर शहर विकास में सहयोग करें। न्होंने बताया कि यह साल 2026 की पहली लोक अदालत होने से अधिभार की छूट प्राप्त कर राजस्व राशि जमा कराने के लिए सभी 1 से 22 जोनों के प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारियों एवं उनके अधीनस्थ कार्यरत वसूली अमले को अधिभार में छूट के बिल जारी कर करदाताओं को उपलब्ध कराने तथा बड़े बकायादारों से संपर्क करने तथा जोन क्षेत्र/वार्ड क्षेत्र में लोक अदालत का व्यापक प्रचार प्रसार करने के लिए कहा गया है। ताकि लोक अदालत में ज्यादा से ज्यादा राजस्व राशि का संग्रहण निगम कोष में प्राप्त हो सके।

# इंदौर में जली सरकारी होली, उसकी अग्नि से दूसरे स्थानों पर होलिका दहन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर में सोमवार को फाल्गुन पूर्णिमा पर ही ज्यादातर स्थानों पर होलिका दहन हुए। चंद्र ग्रहण और भद्रा के साये के बीच पहली सरकारी होली शाम को ठीक सात बजे जली। 300 वर्षों से चली आ रही परंपरा को निभाते हुए सरकारी होली का दहन 1100 कंडों के साथ किया गया। यहां की अग्नि से आसपास के क्षेत्रों की होली जलाई गई।**



शाम छह बजे से ही राजवाड़ा पर लोग जुटने लगे थे। होली जलने के बाद उन्होंने ऊंबी अंगारों पर सेंकी और जलती होली की परिक्रमा की। होलिका को राजपरिवार के लोगों द्वारा वस्त्र अर्पित किए गए और गोकाष्ट से होलिका दहन किया गया। बता दें कि सोमवार शाम 5.45 बजे से पूर्णिमा शुरू हो गई, जो तीन मार्च को शाम पांच बजे तक रहेगी। मंगलवार को चंद्रग्रहण दोपहर 3.21 से शाम 6.47 बजे तक रहेगा। इसका सूतक काल नौ घंटे पहले सुबह 6.21 बजे से लगेगा, जो ग्रहण समाप्त होने तक यानी शाम 6.47 बजे तक रहेगा। इस कारण जिन परिवारों में किसी सदस्य की मृत्यु हुई है। उनके वहां रिश्तेदार व परिजन 4 मार्च को रंग डालने जाएंगे। इसके अलावा अन्य पूजा के कार्य भी मंगलवार को नहीं होंगे।

### राजा के परिजनों ने होली पर जलाया सोनम की शादी का जोड़ा

शिलांग ले जाकर अपने पति की हत्या करने वाली सोनम रघुवंशी जिस शादी का जोड़ा पहनकर अपने पति राजा रघुवंशी के साथ ससुराल आई थी। उसे राजा के परिवार ने होलिका दहन के साथ जला दिया। उनका कहना है कि उसकी शादी का जोड़ा हमारे लिए बुरी याद की तरह था। सोनम ने हमारे बेटे को हमसे छीन लिया। हम सोनम की कोई याद रखना नहीं चाहते हैं।

### अन्य स्थानों पर भी हुए होलिका दहन

संस्था पौरुष द्वारा महालक्ष्मी नगर मेला ग्राउंड पुष्प विहार कॉलोनी इन्दौर में मॉडर्न कलयुगी होलिकाओं का दहन किया गया। इसके अलावा अन्य स्थानों पर भी होलिका दहन हुए। कई व्यापारी संगठनों ने भी होलिका को काफी सजाकर रखा था और उनका दहन कर एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी गईं।

# भागीरथपुरा घटना के संबंध में साक्ष्य/दस्तावेज़/शपथ-पत्र/प्रतिवेदन प्रस्तुत करने की तिथि में वृद्धि

● अंतिम तिथि एक अप्रैल 2026

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** भागीरथपुरा क्षेत्र में जल-प्रदूषण एवं उससे उत्पन्न जन-स्वास्थ्य संबंधी घटनाओं की जाँच एकल सदस्यीय जाँच आयोग न्यायमूर्ति श्री सुशील कुमार गुप्ता (पूर्व न्यायाधीश, मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय) द्वारा की जा रही है। जांच आयोग के समक्ष जन-सामान्य से 28 फरवरी 2026 तक साक्ष्य/दस्तावेज/शपथ-पत्र/प्रतिवेदन आमंत्रित किए गए थे। विभिन्न नागरिकों/पीड़ित परिवारों/संस्थाओं द्वारा समय-विस्तार का अनुरोध किए जाने तथा अधिकाधिक तथ्यात्मक सामग्री संकलित करने के उद्देश्य से आयोग ने विचारोपरांत उक्त अवधि का बढ़ाने का निर्णय लिया है।

अब इच्छुक व्यक्ति/संस्था एक अप्रैल 2026 तक अपनी आपत्तियाँ, अभ्यावेदन, दस्तावेज अथवा साक्ष्य प्रस्तुत कर सकते हैं। लिखित आवेदन/शपथ-पत्र के रूप में आयोग कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से अथवा पंजीकृत डाक स्पीड पोस्ट द्वारा प्रस्तुत किये जा सकतें है। प्रत्येक अभ्यावेदन के साथ प्रासंगिक दस्तावेजों की स्वप्रमाणित प्रतिलिपि संलग्न करना आवश्यक होगा। विलंब से प्राप्त अभ्यावेदनों पर विचार किया जाना आयोग के विवेकाधिकार पर निर्भर होगा। सभी संबंधितों से अपेक्षा की गई है कि वे उपलब्ध तथ्यों एवं अभिलेखों सहित समय-सीमा के भीतर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, ताकि जाँच प्रक्रिया निष्पक्ष, व्यापक एवं तथ्यपरक ढंग से पूर्ण की जा सकें। जांच आयोग के कार्यालय का पता स्कीम-140 आरसीएम-10 फर्स्ट फ्लोर आनंद वन इंदौर है।

# नौवीं की छात्रा से छेड़छाड़

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। सदर बाजार पुलिस ने एक छात्रा की शिकायत पर छेड़छाड़ के मामले में एफआईआर की है। आरोपी पिछले कई माह से पीड़िता को परेशान कर रहा था। एक माह पहले भी आरोपी ने पीड़िता के घर में घुसकर हरकत की थी, लेकिन बदनामी के चलते पीड़िता ने यह बात किसी को बताई नही थी।**



सदर बाजार पुलिस ने 16 साल की लड़की की शिकायत पर रोहित उर्फ काउ के खिलाफ छेड़छाड़ के मामले में एफआईआर की है। पीड़िता के मुताबिक रोहित पीछे की गली में रहता है ओर घर के सामने आकर बैठ जाता है। पिछले कई माह से वह यह हरकत कर रहा है। पीड़िता ने बताया कि आरोपी ने 8 जनवरी के दिन कपड़े सुखाने के दौरान उसके साथ हरकत की थी आरोपी ने रुपए का लालच भी दिया। बदनामी के चलते छात्रा चुप रही। 27 फरवरी को आरोपी ने उसके भाई से मारपीट की। आरोपी ने पीड़िता के भाई को रोककर कहा कि वह उसकी बहन को पसंद करता है। इसके बाद आरोपी को रोका टोका तो मारपीट करने लगा। रविवार को भी आरोपी पीड़िता के घर आया। दरवाजा बजाते हुए विवाद करने लगा। पुलिस के पास पीड़िता और उसकी मां पहुंची। आरोपी पर एफआईआर की गई है।

# मास्टर प्लान सड़क का महापौर ने किया निरीक्षण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर के समग्र ट्रैफिक सुधार और अधोसंरचना विकास को गति देने के उद्देश्य से महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने सोमवार को वीर सावरकर प्रतिमा से अटल गेट तक निर्माणाधीन मास्टर प्लान सड़क की स्थिति देखी। यह सड़क 1.31 किलोमीटर लंबाई एवं 18 मीटर चौड़ाई की है, जिसका निर्माण काम लगभग 10.76 करोड़ रुपए की लागत से किया जा रहा है।**



महापौर ने निर्माणाधीन मार्ग में बाधक बने अतिक्रमण एवं अन्य निर्माणों को जारी किए गए नोटिसों की समीक्षा की। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सड़क निर्माण में किसी भी प्रकार की बाधा न आए, इसके लिए समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करें। वर्तमान में दबंग दुनिया जीटीएस से लक्ष्मी मेमोरियल अस्पताल तक प्रथम चरण में सड़क निर्माण काम प्रगति पर है। महापौर ने मौके पर गुणवत्ता की जांच करते हुए संबंधित एजेंसी को काम में तेजी लाने तथा निर्धारित समय सीमा में पूरा करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह रास्ता शहर के ट्रैफिक दबाव को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

महापौर ने अटल द्वार से बैरवा समाज धर्मशाला तक के रास्ते पर लोगों को हो रही ट्रैफिक असुविधा का संज्ञान लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जब तक पूरा निर्माण काम संपन्न नहीं हो जाता, तब तक असुविधा कम करने के लिए तत्काल प्रभाव से पेचवर्क काम किया जाए, जिससे आनाजाना सुगम हो सके। महापौर के साथ एमआईसी मेंबर राजेंद्र राठौर, अपर आयुक्त अभय राजनगांवकर, सहायक यंत्री नरेश जायसवाल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी थे।

## संपादकीय

# संघ के पारंपरिक ढांचे में बड़े बदलावों की आहट

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा में जियो-पॉलिटिकल हालात पर भी चर्चा हो सकती है। बैठक में दो या तीन प्रस्ताव पास किए जा सकते हैं और संघ के सांगठनिक ढांचे में बदलाव के सुझाव पर भी बात हो सकती है। संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा 13 से 15 मार्च तक हरियाणा के समालखा में होनी है। ये संघ की फैसला लेने वाली सर्वोच्च इकाई है। संघ की प्रतिनिधि सभा में संघ से जुड़े संगठनों के राष्ट्रीय अध्यक्ष, महामंत्री और संगठन मंत्री भी मौजूद रहते हैं। इसमें बीजेपी, वीएचपी, स्वदेशी जागरण मंच, भारतीय मजदूर संघ जैसे संगठन शामिल हैं। बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन पहली बार बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के तौर पर इस बैठक में शामिल होंगे। संघ के एक सीनियर अधिकारी ने कहा कि बैठक में फोकस संघ के शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों और उसके फीडबैक पर रहेगा लेकिन मौजूदा स्थितियों पर भी बात हो सकती है। दुनिया के कई देश जिस तरह जंग में शामिल हैं, उस पर भी बात हो सकती है। इसका भारत पर क्या असर होगा और भारत का स्टैंड किस तरह का रहा है इस पर भी संघ की बैठक में चर्चा की संभावना है। संघ के एक अधिकारी ने कहा कि भारत अब इतना मजबूत हो गया है कि वह अपना स्टैंड ले सकता है, वह भले ही दूसरे देशों के लिए फैसले नहीं ले सकता लेकिन अपने हित के फैसले ले सकता है। संघ में सांगठनिक ढांचे में बदलाव का भी सुझाव आया है, बैठक में संघ के सीनियर पदाधिकारी इस पर भी चर्चा कर सकते हैं। संघ के सांगठनिक ढांचे में तीन तरह के बदलाव का प्रस्ताव है। अभी संघ ने पूरे देश को काम के लिहाज से 11 क्षेत्रों में बांटा है लेकिन इसे 11 से 9 करने का प्रस्ताव है। अभी संघ के प्रांत प्रचारक राज्य की सरकारी परिभाषा के हिसाब से बने प्रांत के आधार पर नहीं होते हैं, ये भी संघ के कामकाज की सुविधा के हिसाब से बनाए गए हैं। लेकिन अब प्रांत प्रचारकों की जगह राज्य प्रचारक बनाने का प्रस्ताव है। ये राज्य की इकाई के हिसाब से ही होंगे। अभी बड़े राज्यों में कामकाज के हिसाब से ज्यादा प्रांत प्रचारक बनाए गए हैं। जब राज्य प्रचारक हो जाएंगे तो साथ ही संभाग प्रचारक का पद भी बनाया जाएगा, ये एक संभाग यानी कमिश्नरी के प्रचारक होंगे। ये विभाग प्रचारक और राज्य प्रचारक के बीच की इकाई होंगे।

## Health is Wealth

# खाना खाते ही टॉयलेट जाने की क्यों लगती है जरूरत? डॉक्टर ने बताई वजह

**खाना खाते ही टॉयलेट जाने की तेज इच्छा होना कई लोगों के लिए आम लेकिन परेशान करने वाला अनुभव है। गैस्ट्रोएंटरोलॉजिस्ट बताते हैं कि इसके पीछे पाचन तंत्र की एक प्राकृतिक प्रक्रिया जिम्मेदार होती है। यहां जानें डॉक्टर की राय -**



कई लोगों को यह अनुभव होता है कि जैसे ही खाना खत्म किया, तुरंत टॉयलेट जाने की तेज इच्छा होने लगती है। ऐसे में दिमाग में यही सवाल आता है कि क्या शरीर ने खाना इतनी जल्दी पचा लिया? क्या यह पाचन से जुड़ी कोई गंभीर समस्या है? लेकिन सच्चाई इससे बिल्कुल अलग है। इस भ्रम को दूर करते हैं अमेरिका के फ्लोरिडा स्थित गैस्ट्रोएंटरोलॉजिस्ट Dr Joseph Salhab, जो पाचन तंत्र, लिवर, पैंक्रियास और न्यूट्रिशन के विशेषज्ञ हैं। डॉ. सलहाब के अनुसार, खाना खाते ही शौच जाने की इच्छा होना ज्यादातर मामलों में बीमारी नहीं, बल्कि शरीर की एक प्राकृतिक प्रतिक्रिया होती है, जिसे गैस्ट्रोकोलिक रिफ्लेक्स कहा जाता है।

### Gastrocolic Reflex क्या होता है?

जब आप खाना खाते हैं, तो पेट में मौजूद नर्व्स और हार्मोन एक्टिव हो जाते हैं। इससे बड़ी आंत यानी कोलन में मूवमेंट बढ़ता है ताकि पहले से मौजूद स्टूल आगे बढ़ सके और नए खाने के लिए जगह बन सके। कुछ लोगों में यह रिफ्लेक्स ज्यादा स्ट्रॉन्ग होता है, इसलिए उन्हें खाना खत्म करते ही टॉयलेट जाने की जल्दी लगती है। डॉ. सलहाब बताते हैं कि इसका मतलब यह बिल्कुल नहीं है कि खाना तुरंत पच गया। बल्कि स्टूल पहले से ही कोलन में मौजूद होता है और खाना सिर्फ उसकी मूवमेंट को ट्रिगर करता है। यही वजह है कि यह समस्या डरावनी लगने के बावजूद अक्सर सामान्य होती है।

### कौन-सी चीजें इस रिफ्लेक्स को बढ़ा सकती हैं?

डॉ. सलहाब के मुताबिक कुछ ट्रिगर्स gastro-colic reflex को और तेज कर सकते हैं:

1. बहुत ज्यादा या भारी खाना
2. हाई-फैट मील
3. कैफीन (खासतौर पर कॉफी)
4. बहुत ठंडे ड्रिंक्स
5. स्पाइसी फूड
6. हाई-FODMAP फूड (संवेदनशील लोगों में)
7. तनाव और एंग्जायटी
8. स्मोकिंग या निकोटीन
9. आर्टिफिशियल स्वीटनर्स (जैसे सोर्बिटोल)

### इस समस्या को कैसे मैनेज करें?

1. अगर आपको हर मील के बाद टॉयलेट जाने की जल्दी लगती है, तो ये टिप्स मदद कर सकती हैं:
2. छोटे और बार-बार मील लें
3. ज्यादा तला-भुना और फैटी खाना कम करें
4. धीरे-धीरे और ध्यान से खाना खाएं
5. तनाव कम करने के लिए ब्रीदिंग या रिलैक्सेशन अपनाएं
6. डाइट में soluble fiber शामिल करें
7. अपने पर्सनल फूड ट्रिगर्स पहचानें और उनसे बचें

### कब डॉक्टर से मिलना जरूरी है?

डॉ. सलहाब चेतावनी देते हैं कि अगर यह समस्या बहुत ज्यादा दर्द के साथ हो, नींद से जगा दे, वजन तेजी से घटने लगे या मल में खून दिखे तो तुरंत डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए। इसके अलावा किसी भी तरह की विशेष जानकारी के लिए अन्य डॉक्टर से मिल सकते हैं।

New Delhi

# सावधान: मौसम विभाग का पूर्वानुमान, तपिश भरे रहेंगे अगले 90 दिन, कई राज्यों में सामान्य से अधिक लू चलने के आसार

**नई दिल्ली।** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने मार्च से मई 2026 के हॉट वेदर सीजन के लिए जारी अपने ताजा पूर्वानुमान में संकेत दिया है कि अगले 90 दिन के दौरान देश के अधिकतर हिस्सों में इस बार गर्मी सामान्य से अधिक रह सकती है। इसके साथ ही अधिकतम और न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी, कई क्षेत्रों में लू के दिनों में इजाफा और मार्च में सामान्य बारिश की संभावना जताई गई है। विभाग ने राज्य सरकारों और आम नागरिकों को पहले से तैयारी करने की सलाह दी है।

आईएमडी के अनुसार मार्च से मई 2026 के दौरान देश के अधिकतर इलाकों में अधिकतम तापमान सामान्य



से अधिक रहने की आशंका है। हालांकि उत्तर-पश्चिम भारत और मध्य भारत के कुछ हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य या सामान्य से कम रह सकता है, लेकिन व्यापक परिदृश्य यही संकेत देता है कि इस बार गर्मी का असर अधिक तीव्र रहेगा। इसका सीधा अर्थ है कि मैदानी और आंतरिक हिस्सों में तपन ज्यादा महसूस की जा सकती है। पूर्वानुमान के मुताबिक दक्षिणी प्रायद्वीप के कुछ हिस्सों को छोड़कर देश के ज्यादातर क्षेत्रों में न्यूनतम तापमान भी सामान्य से अधिक रह सकता है। इससे रात के समय भी पर्याप्त राहत मिलने की संभावना कम है। कुछ सीमित क्षेत्रों में न्यूनतम तापमान सामान्य या सामान्य से कम रह सकता है, लेकिन कुल मिलाकर देश के बड़े हिस्से में गर्म रातों का दौर देखने को मिल सकता है।

Uttarpradesh

यमुना एक्सप्रेसवे पर भीषण हादसा

## डबल डेकर बस और ईको वैन की टक्करm छह की मौत और छह गंभीर घायल



**हाथरस, (एजेंसी)** सादाबाद कोतवाली अंतर्गत गांव गढ़ी हरिया के निकट यमुना एक्सप्रेसवे पर 3 मार्च तड़के करीब 4 बजे एक निजी डबल डेकर बस ने एक इको कार में पीछे से टक्कर मार दी। इस सड़क हादसे में इको में सवार 13 लोग गंभीर रूप से घायल हुए, जिनमें से मौके पर छह लोगों की मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी पहुंच गए। मृतकों के शव को जिला अस्पताल ले जाया गया है। जबकि घायलों को उपचार के लिए खंदौली थाना क्षेत्र के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक एक निजी डबल डेकर बस दिल्ली से गोरखपुर की तरफ जा रही थी तो इसी दौरान सादाबाद क्षेत्र के गांव गढ़ी हरिया के निकट यमुना एक्सप्रेसवे पर बस ने टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही इको में सवार लोगों में चीख पुकार मच गई। मौके पर कुछ देर के लिए यातायात भी बाधित हो गया। इको में सवार सभी लोग दिल्ली से राजाखेड़ा राजस्थान की तरफ जा रहे थे।

**हादसे में मृतक-** दिनेश पुत्र हुकम सिंह उम्र करीब 45 वर्ष निवासी गांगोली थाना राजाखेड़ा,जनपद धौलपुर राजस्थान, सुनीता पत्नी दिनेश उम्र करीब 40 वर्ष निवासी गांगोली थाना राजाखेड़ा,जनपद धौलपुर राजस्थान।, विजय बघेल पुत्र सुखराम उम्र 27 वर्ष निवासी चोरंगाबाद थाना बाह, पिंकी बघेल पत्नी विजय बघेल उम्र करीब 26 निवासी चोरंगाबाद थाना बाह।

Rajasthan

## भिवाड़ी में गौ तस्करी का आरोप, पत्थरबाजी में एक की मौत; इलाके में तनाव

**जयपुर, (एजेंसी)** राजस्थान के भिवाड़ी में रविवार देर रात को कथित गौ तस्करों और गौ रक्षकों के बीच हिंसक झड़पें हुई हैं। बताया जाता है कि कुछ लोग कथित गौ तस्करों का पीछा कर रहे थे तभी दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। इस दौरान हुई पत्थरबाजी में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसकी अस्पताल में मौत हो गई है। मृतक के परिजनों ने गौ रक्षकों पर गोली मारकर हत्या करने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। पुलिस ने मौके से 5 गोवंश बरामद किए हैं। तनाव को देखते हुए भारी फोर्स तैनात की गई है। राजस्थान के भिवाड़ी शहर के चोपानकी थाना क्षेत्र में रविवार देर रात को गौ रक्षकों को गौ तस्करी की सूचना मिली थी। इस पर गौ रक्षक मौके पर पहुंचे तो उनकी मुठभेड़ कथित गौ तस्करों से हो गई। दोनों ओर से जमकर पत्थरबाजी हुई। इस मुठभेड़ में एक युवक की मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में तनाव की स्थिति बन गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। भिवाडी डीएसपी कैलाश चौधरी ने बताया की पुलिस को फोन पर सूचना मिली थी कि कुछ लोग गायों की तस्करी कर रहे हैं। फोन करने वाले ने यह भी बताया कि कुछ लोग इन कथित गौ तस्तरों का पीछा कर रहे हैं।

Uttarpradesh

## 'जाकर देख लो बेटा जिंदा है या नहीं...',बर्थडे पार्टी में 12 साल के मासूम की मौत, सिर के बीचोबीच लगी गोली

**लखनऊ, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश में लखनऊ के कृष्णानगर थाना क्षेत्र में बर्थडे पार्टी के दौरान गोली लगने से सातवीं कक्षा के छात्र की मौत हो गई. मृतक की पहचान 13 वर्षीय उनैज खान के रूप में हुई है. घटना उस समय हुई जब वह नवनीत और अन्य दोस्तों के साथ जन्मदिन की पार्टी मनाने गया था.

सरोजिनी नगर निवासी मृतक के पिता जमीर खान ने पुलिस को दी लिखित शिकायत में आरोप लगाया है कि सोमवार दोपहर करीब 3:30 बजे उनके बेटे उनैज को उसके दोस्त और ड्राइवर कार से जन्मदिन मनाने के लिए अपने साथ ले गए थे. शाम करीब 7:21 बजे नवनीत के पिता संजीव त्रिपाठी ने मृतक की मां को व्हाट्सएप कॉल किया, जिसे बड़े बेटे उसैद ने रिसीव किया.

आरोप है कि फोन पर धमकाते हुए कहा गया कि तुम्हारा भाई लोकबंधु अस्पताल में है, जल्दी



आ जाओ. परिजन जब लोकबंधु अस्पताल पहुंचे तो आरोप है कि बच्चे से मिलने नहीं दिया गया. कुछ देर बाद पुलिस ने बच्चे को मृत अवस्था में दिखाया. मृतक के माथे के बीच में गोली लगी हुई थी. पिता का कहना है कि इसके बाद भी संजीव त्रिपाठी ने फोन कर धमकी भरे लहजे में पूछा कि देख लो जिंदा है या नहीं.

मृतक के पिता ने आरोप लगाया कि उनके बेटे की हत्या साजिश के तहत की गई है.

खेल

जीत के जश्न में सैमसन से हुई बड़ी गलती

# विजयी चौका लगाते ही मैदान पर फेंका हेलमेट! ICC लेगा एक्शन?

**कोलकाता।** भारत को टी20 विश्व कप 2026 के सेमीफाइनल में पहुंचाने वाले स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन की मुश्किल में फंस सकते हैं। सुपर-8 मुकाबले में रविवार को उनसे ऐसी गलती हो गई जिस पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) कार्रवाई कर सकता है। बता दें कि, भारत और वेस्टइंडीज के बीच कोलकाता में अहम मुकाबला खेला गया। इस दौरान सैमसन ने 97 रनों की नाबाद पारी खेलकर टीम इंडिया को पांच विकेट से जीत दिलाई और टीम को सेमीफाइनल का टिकट दिलवाया।



### सैमसन ने खेली मैच जिताऊ पारी

इस मुकाबले में संजू सैमसन का बल्ला जमकर गरजा। उन्होंने पहले महज 26 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। इसके बाद आक्रामक रुख अख्तियार करते हुए 12 चौके और चार छक्के की मदद से 97 रनों की नाबाद पारी खेली। इस मैच में उनका स्ट्राइक रेट 194 का रहा। सैमसन ने टीम इंडिया के लिए विजयी चौका लगाया। इस दौरान उनसे एक गलती हो गई। दरअसल, सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है जिसमें स्टार बल्लेबाज चौका लगाने के बाद मैदान पर बैठते वक्त हेलमेट फेंक देते हैं और दोनों हाथ फैलाकर आसमान की तरफ देखते हैं और ईश्वर को धन्यवाद कहते हैं।

### सैमसन पर एक्शन ले सकता है आईसीसी

संजू सैमसन का यह जश्न उनके लिए मुश्किल खड़ी कर सकता है। आईसीसी का कोड ऑफ कंडक्ट खिलाड़ियों के बर्ताव को लेकर बहुत सख्त है। नियमों के मुताबिक, हेलमेट या बल्ले को जमीन पर फेंकना गलत बर्ताव की कैटेगरी में आता है। ऐसे मामलों में, खिलाड़ी पर फाइन, डिमेरिट प्वॉइन्ट्स या प्रतिबंध भी लग सकता है।

सिनेमा

## रणवीर सिंह- फरहान अख्तर का विवाद सुलझाने आगे आए आमिर खान-ऋतिक रोशन? ली जा सकती कानूनी मदद



रणवीर सिंह और फरहान अख्तर के बीच डॉन 3 को लेकर विवाद हुआ है। एक्टर ने हाल में इस प्रोजेक्ट से बाहर होने का फैसला लिया था जिसके बाद फरहान की प्रोडक्शन कंपनी ने एक्टर को 40 करोड़ का कंपनसेशन देने की बात कही। रणवीर ने अपना पक्ष रखते हुए साफ कर दिया था कि ये पैसा देना उनकी जिम्मेदारी नहीं है। एक्टर और डायरेक्टर के बीच इस विवाद को सुलझाने के लिए आमिर खान,ऋतिक रोशन के आगे आकर बीच बचाव करने की खबर सामने आई है। हॉलीवुड रिपोर्टर इंडिया की एक रिपोर्ट के मुताबिक रणवीर सिंह और फरहान अख्तर के बीच का विवाद सुलझाने के लिए आमिर खान, ऋतिक रोशन, राजकुमार हिरानी, जोया अख्तर, साजिद नाडियाडवाला, रमेश तौरानी, कुमार मंगत और अमृतपाल सिंह बिंद्रा के बीच एक मीटिंग हुई है। इस मीटिंग में फाइनेंसियल प्रॉब्लम के बारे में बातचीत की गई और समाधान निकालने की कोशिश की गई |हाल में प्रोड्यूसर ऑफ इंडिया गिल्ड ने मामले में क़ानूनी मदद लेने की बात कही। फरहान अख्तर ने करीब ढाई साल पहले रणवीर सिंह के साथ डॉन 3 का एलान किया था। फिल्म का टीजर भी शेयर किया गया था। लेकिन कुछ समय पहले खबर आई कि रणवीर ने इस प्रोजेक्ट से खुद को बाहर कर लिया है। रिपोर्ट के मुताबिक एक्टर ने अपना पक्ष रखते हुए कहा था कि उन्हें कास्ट करने के बाद फरहान ने डॉन का किरदार निभाने के लिए ऋतिक रोशन से बातचीत की थी।

## Highlights

1. **Srinagar's Lal Chowk sealed amid protests against Khamenei's killing**
2. **PM Modi chairs high-level security meeting at his residence amid war in Middle East**
3. **Kundapur trek turns tragic as woman drowns near Hosangadi**
4. **Traffic island to go at Nanthoor Junction in Mangaluru**
5. **Trump warns of possible US casualties after Iran strikes**

# Apple iPhone 17e refresh builds with more speed, storage and pragmatism



**NEW DEIHI, (Agency).** Right on cue, exactly a year later, Apple has refreshed its most affordable iPhone. The iPhone 17e succeeds last year's iPhone 16e, maintaining a certain degree of continuity while incorporating changes where a generational refresh was required. Key changes to the iPhone 17e are the A19 chip, which keeps it on par with the iPhone 17, an upgrade to the C1X cellular modem (this is important, because the iPhone 16e introduced the C1 modem, Apple's first in-house cellular modem), an improved 48-megapixel Fusion Camera and what the tech giant insists is a more scratch-resistant display.

In India, Apple has priced the iPhone 17e at ₹64,900 for the 256GB variant, and ₹84,900 for the 512GB storage. This is a neat step-up at similar prices, considering the iPhone 16e's base storage spec was 128GB — the iPhone 16e is being assembled in India, and it is expected the iPhone 17e will be too, at some stage. The dimensions remain unchanged, but there is now a 48-megapixel Fusion camera system similar to the iPhone Air. This system features a main Fusion camera that supports 1x and 2x optical zoom, as well as 4K video recording at up to 60fps in Dolby Vision. Apple said that pre-orders for the iPhone 17e begin on March 4 in India, with availability from March 11.

"iPhone 17e combines powerful performance and features our users love at an exceptional value, making it a compelling option for customers looking to upgrade to the iPhone 17 family," says Kaiann Drance, Apple's vice president of Worldwide iPhone Product Marketing. "We know our customers want a product that will last, and iPhone 17e delivers just that. With A19 for incredible performance, double the entry storage, a smarter camera system, and enhanced durability, iPhone 17e is designed to stay fast, secure, and valuable for years to come."

The build, which comprises the aerospace-grade aluminium chassis and the Ceramic Shield 2 front cover, means the affordable iPhone 17e matches the iPhone 17 series in material parity.

# LNG prices surge by 50% in Europe after Qatar shuts world's largest gas plant

**NEW DEIHI, (Agency).** LNG prices in Europe surged more than 50% after Qatar shut down production at the world's largest export facility after it was targeted in an Iranian drone attack. The unprecedented halt marks a dramatic escalation of the Iran war that now threatens energy security worldwide.

European benchmark gas futures jumped the most in nearly four years, after QatarEnergy confirmed on



Monday that output had been suspended. Tankers had already largely stopped transiting the Strait of Hormuz—a critical artery for global fuel shipments.

QatarEnergy's Ras Laffan plant supplies about a fifth of global LNG supply. The situation risks the most serious shock to gas markets since Russia's invasion of Ukraine four years ago upended global energy trade. While Asian countries buy most of the LNG shipped from the Middle East, any disruption would increase competition for alternative supplies—pushing up prices worldwide, including in Europe.

# ईरान पर हुए हमले में खामेनेई की मौत के बाद इंदौर में शियाओं का प्रदर्शन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। ईरान पर हुए हमले और खामेनेई सहित शिया मुस्लिमों की मौत के विरोध में इंदौर के कागदीपुरा में शोक प्रदर्शन हुआ। काले कपड़ों में जुटे शिया समुदाय के युवाओं ने मस्जिद के बाहर पोस्टर लगाकर मातम मनाया और नारेबाजी की।**



ईरान पर हुए हमले में सर्वोच्च धार्मिक नेता अयातुल्ला खामेनेई सहित मारे गए शीर्ष शिया नेताओं को लेकर इंदौर में शोक मातम हुआ। इंदौर की कागदीपुरा में मुस्लिम समाज के लोग एकत्र हुए। इनमें ज्यादातर युवक थे। वे काले लिबास में आए थे। मस्जिद के बाहर खामेनेई के दस से ज्यादा पोस्टर लगे हुए थे। उन्होंने मातम प्रदर्शन किया और नारे भी लगाए। मस्जिद के बाहर शोक प्रदर्शन की जानकारी मिलने के बाद कागदीपुरा में पुलिस बल भी तैनात हो गया था। रविवार रात दस बजे तक शोक प्रदर्शन हुए और नारेबाजी कर शिया समुदाय ने विरोध जताया। ईरान पर हुए अमेरिका और इजराइल के हमले में के कारण वहां के सुप्रीम लीडर खामेनेई सहित कई शिया मुस्लिमों की मौत की खबर के बाद इंदौर के मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में शोक प्रदर्शन हुए। शहर के कागदीपुरा इलाके में बड़ी संख्या में शिया समुदाय के लोग जमा हुए और विरोध व्यक्त किया। समाज के लोगों ने मातम मनाकर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं और नारेबाजी की। प्रदर्शन में शामिल होने आए ज्यादातर लोग काले कपड़ों में पहुंचे थे। युवाओं की तादाद काफी अधिक थी, जो हाथों में बैनर और पोस्टर थामे थे। मस्जिद के बाहर खामेनेई के 10 से ज्यादा बड़े पोस्टर लगाए गए थे, जो वहां के घटनाक्रम के प्रति समुदाय की एकजुटता को दर्शा रहे थे। प्रदर्शनकारियों ने मस्जिद के बाहर जमा होकर न केवल मातम मनाया, बल्कि नारेबाजी कर अपना कड़ा विरोध भी जताया। क्षेत्र में हुए प्रदर्शन को देखते हुए प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क नजर आया। जैसे ही मस्जिद के बाहर भारी भीड़ जुटने और शोक प्रदर्शन की सूचना मिली, कागदीपुरा में तुरंत पुलिस बल तैनात कर दिया गया। पुलिस के आला अधिकारी मौके पर स्थिति पर नजर बनाए रहे ताकि शांति व्यवस्था बनी रहे। शिया समुदाय का यह विरोध प्रदर्शन देर रात करीब दस बजे तक चलता रहा। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हो रही इन हिंसात्मक घटनाओं के प्रति अपना आक्रोश प्रकट किया। स्थानीय लोगों का कहना था कि वे इस हमले से बेहद दुखी हैं और मारे गए लोगों के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए यहां एकत्र हुए हैं।

# बगैर हेलमेट दुपहिया चलाने वालों पर कार्रवाई

## 1840 के चालान बनाए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। ट्रैफिक पुलिस की सख्त कार्रवाई लगातार जारी है। बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वालों के खिलाफ शहर के अलग-अलग चौराहों पर चालान बनाए जा रहे हैं। साथ ही वाहन चालकों को ट्रैफिक नियमों का पालन करने और हेलमेट पहनकर वाहन चलाने के लिए जागरूक भी किया जा रहा है।**



रविवार सुबह से देर रात तक चले विशेष अभियान के दौरान ट्रैफिक पुलिस ने विभिन्न चौराहों पर कार्रवाई करते हुए बिना हेलमेट वाहन चला रहे 1840 चालकों के चालान काटे। शहर के ट्रैफिक को सुगम, सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। साथ ही पुलिस नियमों का उल्लंघन करने वालों पर चालानी कार्रवाई कर रही है। सड़क दुर्घटनाओं में सिर की गंभीर चोटों से होने वाली मौतों को रोकने और आमजन में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। ट्रैफिक पुलिस ने पलासिया चौराहा, विजय नगर चौराहा, महू नाका चौराहा, चाणक्यपुरी चौराहा और भंवरकुआं चौराहा सहित अन्य प्रमुख चौराहों पर नियम तोड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई की। इस दौरान लाउड स्पीकर से अनाउंसमेंट कर लोगों को बताया गया कि यह कार्रवाई उनकी सुरक्षा के हित में है, ताकि वे हेलमेट के महत्व को समझें और सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें। ट्रैफिक पुलिस ने शहरवासियों से अपील की है कि वे अपने और अपने परिवार की सुरक्षा के लिए दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट अवश्य पहनें और ट्रैफिक नियमों का जिम्मेदारीपूर्वक पालन करें।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक